तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025



14 नवापारा-अभनपुर मार्ग पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ...





14 19 दिन बाद सहकारी समिति कर्मचारियों ...






# कहीं बच्चों के हाथ पहुंच रहे एसआईआर के फार्म, तो कहीं परिजन बांट रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण एसआईआर अभियान की शुरुआत होते ही तस्वीर साफ हो गई कि ज़मीनी तैयारी कागज़ी दावों से बहुत पीछे है। फॉर्म तो घर–घर पहुँच रहे हैं, लेकिन मतदाताओं को यह नहीं बताया गया कि उन्हें कैसे भरना है। जिले भर में सबसे ज्यादा उलझन शादीशुदा महिलाओं को हो रही है। फॉर्म के अभिभावक नाम वाले कॉलम में पिता का नाम लिखें या पति का,यह सवाल लगातार उठ रहा है। चुनाव आयोग की गाइडलाइन स्पष्ट कहती है कि इस कॉलम में पिता का नाम ही दर्ज किया जाना चाहिए। पति के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## फॉर्म में उलझे मतदाता, महिलाओं में सबसे बड़ा सवाल पिता या पति का नाम

### फॉर्म की सामग्री भी लोगों के लिए उलझन

यदि मतदाता का नाम 2002–2003 की एसआईआर सूची में है, तो विस्तृत विवरण भरना होगा। यदि नाम सूची में नहीं है, तो माता–पिता, दादा–दादी या नाना–नानी का विवरण और दस्तावेज़ संलग्न करने की बाध्यता है। बाहर काम करने वाले और शहर से बाहर रह रहे परिवार–सदस्यों के लिए अभिभावक द्वारा फॉर्म भरने का प्रावधान है, लेकिन यह जानकारी भी मतदाताओं तक नहीं पहुँच सकी। गरियाबंद नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में कई घरों में फॉर्म भरकर रखे हैं, लेकिन जमा करने की प्रक्रिया स्पष्ट न होने से लोग असमंजस में हैं। हरिभूमि ने जिले के बहुत से गांव में पहुंच एसआईआर अभियान की पड़ताल किया तो सभी जगह चौंकाने वाले नज़ारा देखने को मिला है। ज़्यादातर मतदाता को अभी तक यह समझ नहीं आए है कि फॉर्म भरना कैसे है और इसके लिए कौन से जरूरी दस्तावेज की जरुरत पड़ेगी। और यह दस्तावेज उपलब्ध कैसे होगा। वर्ष 2003 के मतदाता सूची में जिनका नाम नहीं था, ऐसे मतदाता सबसे ज्यादा कंफ्यूज में है।



### जांच कराएंगे

बीएलओ के परिवार या अन्य लोग फॉर्म वितरण या फॉर्म भर रहे हैं तो उसकी जांच तहसीलदार से कराएंगे। आने वाली समस्याओं को दूर करेंगे।

पंकज डहिरे
ज्वाइंट कलेक्टर, गरियाबंद

### एसआईआर अभियान का तिथिवार कार्यक्रम

- 28 अक्टूबर 2025 से 3 नवम्बर 2025 तक मुद्रण एवं प्रशिक्षण
- 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक घर–घर गणना और सत्यापन कार्य होगा
- दिसम्बर 2025 को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी
- 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्तियां दर्ज होंगी।
- 9 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण चलेगा। और अंत में 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी पर दुर्घटना का खतरा



**मैनपुर।** मैनपुर -देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी में पिछले कुछ सालों में दुर्घटना तेजी से बढ़ा है। इस सड़क में खासकर मोड़ में बड़े-बड़े उग गए है जिसे काटना और साफ करना बेहद जरूरी हो गया है इसकी छटाई और सफाई नही होने के कारण संकेतिक बोर्ड भी छिप गए है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

### जर्जर सड़कों की मरम्मत शुरू



**फिंगेश्वर।** विधायक रोहित साहू के निर्देश पर क्षेत्र की जर्जर सड़कों के मरम्मत कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है। लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी सड़कों को सुधारने की मांग स्थानीय नागरिक लगातार कर रहे थे, जिसके बाद विधायक ने संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान में गड्ढों की भराई, लेवलिंग और मरम्मत का काम तेजी से जारी है। इसके साथ ही प्रमुख मार्गों पर नई सड़क निर्माण की प्रक्रिया भी जल्द शुरू होने वाली है, जिसके लिए तकनीकी स्वीकृति एवं बजट की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। विधायक रोहित साहू ने बताया कि क्षेत्र की सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मरम्मत कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा और नई सड़क निर्माण होने से स्थानीय लोगों को आने-जाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव ने सड़क निर्माण को लेकर स्वागत करते हुए कहा कि सड़क सुधरने से यातायात सुगम होगा और दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

### मातर महोत्सव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने ली बैठक



**मैनपुर।** सर्व यादव समाज प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु आज शनिवार को मैनपुर पहुंचे। इस दौरान यादव समाज के लोगो के द्वारा उनका आत्मीयता से स्वागत किया गया। इस दौरान आगामी 25 नवम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय मातर महोत्सव की तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। ज्ञात हो कि इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल होने पहुंचेगें, उनका यादव समाज द्वारा जोर-शोर से स्वागत और सम्मान किया जायेगा। मातर उत्सव को लेकर मंच निर्माण एवं अन्य बैठक व्यवस्था तैयारियों को लेकर रूप रेखा तैयार की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से देवारी मातर महोत्सव के अध्यक्ष गेंदु यादव, सुखराम यादव, शांतु यादव, दयाराम यादव, सुखदेव यादव, श्यामलाल यादव, पीलाराम यादव एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

### ग्राम पक्तियां में रक्तदान शिविर 25 को

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड के ग्राम पक्तियां में 25 नवंबर को निर्मला साहू एवं पुत्र ओमप्रकाश साहू द्वारा अपने पिता स्व वेदराम साहू और पत्नी स्व लिकेश्वरी साहू के वार्षिक श्राद्ध पर रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विशेष सहयोग ब्लड बैंक शिवर जिला अस्पताल गरियाबंद के द्वारा संपन्न होगा। इस शिविर में अधिक से अधिक युवाओं एवं रक्तदान दाता से अपिल की है।

## विडंबना: शिक्षक बने बीएलओ, हाथों में किताबों की जगह वोटर लिस्ट

# शिक्षकों को ढूंढ रहे बच्चे, मतदाता ढूंढ रहे 2003 की लिस्ट, छमाही परीक्षा से पहले ठप हुई पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

कुछ दिनों बाद ही स्कूलों में छमाही परीक्षा शुरू होने वाली है लेकिन कई स्कूलों में पढ़ाई ठप है बच्चे स्कूलों में टीचर को ढूंढ रहे हैं और एसआईआर कार्य के तहत टीचर मतदाताओं को ढूंढ रहे हैं। इधर मतदाता सूची में अपना नाम पुख्ता करने मतदाता वर्ष 2003 की सूची में अपने पिता और माता का नाम ढूंढ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जो बचे है उन्हें धान खरीदी में लगा दिया गया है। इस बीच नया आदेश आ गया है कि हेड मास्टर स्कूल में प्रवेश करने वाले कुत्तों की गणना और निगरानी करेंगे इन सब के मध्य बच्चों का भविष्य अधर में नजर आ रहा है। बताते चलें कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम सरकारी कर्मचारी कर रहे हैं इस कार्य में प्राइमरी और मिडिल स्कूल के सैकड़ो शिक्षकों को तैनात कर दिया गया है लगातार अधिकारियों के दबाव के चलते शिक्षक एसआईआर कार्य में दिन रात जुटे हुए हैं, वही फील्ड में नेटवर्क से भी परेशान हैं उन्हें घर आकर देर रात तक यह कम निपटना पड़ रहा है इस कारण शिक्षक स्कूलों के बजाय मतदाताओं के घरों में नजर आ रहे हैं शिक्षक को इस कार्य में लगाया गया है इसके चलते ▶▶|शेष पेज 12 पर



### बच्चे मध्यान भोजन कर 12 बजे ही घर लौट रहे

ज्ञात को कि गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में अधिकांश प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल एक दो शिक्षक के भरोसे चल रहे है इस कार्य में शिक्षको को बीएलओ के रूप में डियूटी लगाई गई है। कहीं कही एक शिक्षक पांच कक्षाओं को तो कही -कही एक शिक्षक मिडिल स्कूल के तीन कक्षाओं को कैसा संचालित कर रहे होगें यह सोचने का विषय है। ऊपर से शिक्षकों को अन्य कार्य भी दे दिया गया है जिसके कारण पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। बच्चे सुबह स्कूल तो जाते है लेकिन खेल कूद कर मध्यान भोजन कर 12 बजे ही लौट जा रहे है। एसे में ग्रामीण क्षेत्र में पूरी तरह पढ़ाई प्राभावित है। मतदाता सूची में डियूटी लगाने के कारण स्कूलों में तिमाही-छमाही और आने वाले वार्षिक परीक्षा में इसका असर देखने को मिलेगा। इसका खमियाजा छात्र- छात्राओं को उठाना पड़ेगा। शिक्षक बने बीएलओ हाथों में किताबों की जगह वोटर लिस्ट लेकर घर-घर दस्तक दे रहे हैं और इस कार्य में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक एक मतदाता के पार तीन-तीन चार-चार बार जाना पड़ रहा है। बीएलओ परेशान हो गए है लेकिन अपनी परेशानी किसको बताए।

### हेड मास्टर करेंगे अब कुत्तों और मवेशियों की निगरानी

इधर स्कूल की व्यवस्था के लिए हेड मास्टर को नया आदेश थमाया गया है। इस आदेश में कहा गया है कि स्कूल में कोई कुत्ता प्रवेश न करें अगर कुत्ता प्रवेश करता है, तो वह नर है कि मादा देसी है कि दूसरी नस्ल का। उसका कौन सा रंग है। वह कितने बजे स्कूल में प्रवेश किया? इसका प्रोफार्मा भेजा गया है विद्यालय के संस्था प्रमुख को नोडल नियुक्त किया जायेगा जो शाला परिसर के आसपास विचरण कर रहे आवारा कुत्तो की सूचना ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत निगम के डाक क्रैचर नोडल अधिकारी को देंगे। शाला प्रमुख ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत निगम के सहयोग से शाला में आवारा कुत्तो की प्रवेश की रोकथाम हेतु आव"यक प्रबंध करेगें साथ ही आवारा कुत्तो के काटने पर प्रभावित बच्चे को त्वरित रूप से उपचार हेतु निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया जाना सूनि"चत करेगें वहीं आवारा मवेशियों के रोकथाम में भी संस्था प्रमुख अपना योगदान देगें। इस संदर्भ ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक अपने मूल कार्य पढ़ाई को छोड़कर बाकी कार्य में लगे हुए हैं। ऐसे में बच्चों के भविष्य का क्या होगा? इस दिशा में न जनप्रतिनिधि सोच रहे हैं और नहीं सत्ता पर बैठे मंत्री। चुटकी लेते ग्रामीणों का यह भी कहना है कि क्या एसआईआर के चलते सरकार तिमाही परीक्षा में भी जनरल प्रमोशन देगी।

## 28 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार



**फिंगेश्वर।** अवैध रूप से गांजा परिवहन करते हुए फिंगेश्वर पुलिस ने दो आरोपियो को धर दबोचा। आरोपियों के पास से 28 किलो 700 ग्राम गांजा सहित एक कार बरामद हुआ। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर फिंगेश्वर थाना प्रभारी गौतम गावड़े के निर्देशानुसार थाना परिसर के पास पुलिस स्टाप के द्वारा वाहनों का निरीक्षण किया गया जिसके चलते एक सफेद रंग के कार को रोका गया जिसका क्रमांक-सीजी 05 4675 के अंदर से बोरी में भरा पैकेटों मे भरा हुआ गांजा बरामद किया गया जिसका वजन लगभग 28 किलो 700 ग्राम रहा। पुलिस ने बताया कि ये दोनों आरोपी ओड़िशा से गांजा लेकर धमतरी जा रहे थे। एक आरोपी का नाम राम सोनकर 27 वर्ष धमतरी एवं दूसरे आरोपी का नाम कमलेश निषाद 21 वर्ष धमतरी है। प्रकरण को लेकर थाने के एसआई चिंताराम देशमुख द्वारा प्रकरण को विवेचना लेकर आवश्यक पूछताछ में लगी है। कार जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी।



## रायपुर संभाग आयुक्त कावरे ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने आज कलेक्टर बीएस उईके की मौजूदगी में जिले के राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजिम तहसील कार्यालय, कोपरा एवं कोमा मतदान केंद्रों तथा बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारूका, तहसील गरियाबंद एवं नगर पालिका गरियाबंद के मतदान केंद्रों में मतदाता सूची अद्यतन एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित ▶▶|शेष पेज 12 पर

## 8 फरार वारंटियों का चालान कोर्ट में पेश

**अभनपुर।** थाना अभनपुर पुलिस द्वारा फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लंबे समय से न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने वाले स्थाई वारंटी एवं गिरफ्तारी वारंट धारकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम ने दबिश देकर कुल 8 आरोपियों को हिरासत में लिया है जिसमे स्थाई वारंटी आरोपी गंगाराम ढीमर पिता होमनाथ ढीमर गोतियारडीह, घनश्याम ध्रुव पिता विजय ध्रुव उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम तरी थाना गोबरा नवापारा,दुष्यंत ध्रुव पिता खेतीधारी ध्रुव निवासी औरी थाना कुरूद जिला धमतरी, बिना बाई पति महेंद्र कुर्रे निवासी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद,श्रीमती विशाखा बाई पति रंजीत पुरैना निवासी बकली थाना



राजिम जिला गरियाबंद है वही गिरफ्तारी वारंट आरोपी शिवकुमार गिलहरे पिता बिरझू, निवासी छोटे उरला थाना अभनपुर,छबिलाल साहू पिता चुनुलाल साहू, निवासी ग्राम परसूलीडीह ,मोहम्मद कलाम पिता मोहम्मद भोला खान निवासी ऊपरपारा अभनपुर को गिरफ्तार किया गया ▶▶|शेष पेज 12 पर

## 15 दिनों में 308 क्विंटल अवैध धान जब्त,14 वाहन पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में धान खरीदी सीजन के बीच दीगर राज्यों से अवैध रूप से लाए जा रहे धान पर गरियाबंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पिछले 15 दिनों के विशेष अभियान के दौरान कुल 308.8 क्विंटल अवैध धान जप्त किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 09 लाख 57 हजार 280 रुपये बताई गई है। कार्रवाई में 14 चार पहिया वाहन जब्त किए गए हैं, जिनमें बोलेरो पिकअप और ट्रैक्टर शामिल हैं।

22 नवंबर को थाना देवभोग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेक पोस्ट में जांच के दौरान 120 कट्टा अवैध धान परिवहन करते हुए दो बोलेरो पिकअप वाहनों को



पकड़ा। वाहनों के नंबर सीजी 04 ओडी 3090 और ओडी 08 ई 9187 बताए गए हैं। पुलिस ने जब परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगे तो चालक कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद धान और वाहन दोनों जप्त कर संबंधित विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार हाल के दिनों में ओडिशा और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों से धान लाकर अवैध बिक्री की कोशिशें बढ़ी थीं। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बार्डर चेक पोस्ट में निगरानी बढ़ाई गई थी, जिसका प्रभाव कार्रवाई में साफ दिखाई दिया। थाना देवभोग और थाना अमलीपदर ने संयुक्त रूप से पिछले 15 दिनों में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए धान तस्करी के 14 मामलों में वाहन और माल जप्त किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केवल पंजीकृत किसानों से निर्धारित केंद्रों में किये जाने का प्रावधान है। ऐसे में बाहरी राज्यों से लाया जा रहा धान खरीदी प्रणाली ▶▶|शेष पेज 12 पर

## सूखे खेतों में मशीनों से कटाई तेजी से हो रही

# जिले में धान कटाई मशीनों के साथ-साथ नमी वाले खेतों में हंसिया का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

हाल ही में हुई बारिश के कारण कई खेतों में अब भी नमी बनी हुई है, जिससे गड़न की स्थिति बन गई है। ऐसे खेतों में किसान मजदूरों की मदद से पारंपरिक तरीके से हंसिया लेकर धान कटाई कर रहे हैं। ग्राम पोंड के किसान किसुन राम ने बताया कि उनके खेत में अभी भी नमी होने के कारण हाथ से कटाई ही सम्भव है।

वहीं जिन किसानों के खेत अब सूख चुके हैं, वे हार्वेस्टर मशीन और चैन हार्वेस्टर की मदद से तेज़ी से कटाई का काम पूरा कर रहे हैं। ग्राम कूटेना के टीकाराम साहू ने कहा कि सूखे खेतों में मशीनों से कटाई तेज़ी से हो रही है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत हो रही है। अंचल में इन दिनों धान कटाई और मिजाई का कार्य चरम पर है। किसान अपनी फसल पककर तैयार होने के साथ ही कटाई में जुट गए हैं। इस सीजन में पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरीकों



का मिश्रित उपयोग स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। हार्वेस्टर मशीन का इस्तेमाल करने वाले किसानों को समय और श्रम की बचत हो रही है, जबकि नमी वाले खेतों में चैन हार्वेस्टर प्रभावी साबित हो रहा है। दूसरी ओर छोटे और सीमांत किसान अब भी हाथ से कटाई की परंपरागत पद्धति को अपनाए हुए हैं। बारूका ग्राम के किसान यशवंत ने बताया कि उनके क्षेत्र में अभी भी कई किसान परंपरागत मजदूर आधारित कटाई कर रहे हैं।

### बिक्री के लिए धान सोसायटी पहुंचने लगे

कटाई के बाद मिजाई का कार्य भी तेजी से जारी है। माई धान, सरना और अन्य विविध किस्मों की फसल तैयार हो चुकी है और किसान समर्थन मूल्य पर बिक्री के लिए धान सोसायटी पहुंचने लगे हैं। सरकारी खरीद केंद्रों में किसानों को बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद बनी हुई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर वर्षा और संतुलित मौसम का लाभ इस बार की फसल को मिला है, जिससे गुणवत्ता अच्छी है और उत्पादन संतोषजनक रहने की संभावना है। धान कटाई के इस मौसम में गांव-गांव में व्यस्तता, श्रम और उत्साह का माहौल है। खेतों में मशीनों की गूंज और हाथ से कटाई की लय, दोनों मिलकर ग्रामीण कृषि जीवन की सक्रियता को दर्शा रहे हैं।

## दत्तात्रेय जयंती पर प्रदेश स्तरीय गोस्वामी सम्मेलन 4 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भगवान श्री राजीव लोचन की पावन धरा ऐतिहासिक धर्मनगरी राजिम के भगवान दत्तात्रेय मंदिर परिसर में अगहन पूर्णिमा पर 4 दिसंबर को गोस्वामी समाज द्वारा प्रांत स्तरीय भव्य दत्तात्रेय प्राकट्य उत्सव मनाई जाएगी। प्रातः 8 बजे भगवान दत्तात्रेय का मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना के पश्चात 10.30 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू, अतिविशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ भंडार निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री चंदूलाल साहू , विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव मौजूद रहेंगे। साथ ही समाज के प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय महंतगण, संस्थापकद्वय रमन गिरि,ओंकार पुरी, संरक्षकद्वय उमेश भारती गोस्वामी एवं अशोक गिरि विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रांताध्यक्ष काशीपुरी कुंदन करेंगे। मंचीय कार्यक्रम में भगवान दत्तात्रेय दर्शन पर आधारित व्याख्यान होगा। सम्मेलन में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन, समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं, जनप्रतिनिधियों एवं प्रेरणास्त्रोत ▶▶|शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी

**महासमुंद।** बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल की चोरी के मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लाइन परिचारक तिलेश्वर कुमार साहू ने बताया कि दिनांक 14.11.2025 की रात्रि 09 बजे से दिनांक 15.11.2025 की सुबह 06 बजे के मध्य वितरण केंद्र खट्टी के अंतर्गत ग्राम अरंड में लगे 16 केवीए. ट्रांसफार्मर के अंदर में लगे क्वाईल अनुमानित कीमत करीबन 20000 रुपए की किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### वकील के साथ मारपीट पति-पत्नी के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम परसकोल निवासी व पेशे से वकील एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुर्गेश कुमार निराला पिता सुखराम निराला ने एफआईआर में बताया कि वह वार्ड नंबर 15 ग्राम परसकोल प्राथमिक शाला स्कूल के आगे भुरका रोड का निवासी है और पेशे से वकील है। 20 नवंबर की शाम 6.30 बजे वह अपने घर पर था, तभी ग्राम घोडारी का रहने वाले राकेश बंजारे एवं उसकी पत्नी शीलू बंजारे उसके घर आए और कहने लगे कि तुम कौन होते हो मेरे बाबूजी की जमीन को अपने नाम में करने वाले। ऐसा कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वहीं अपनी गाडी के डिक्की में रखे लोहे के राड को दिखाकर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। मारपीट करने से बांये कंधा एवं बांये पैर में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गांजा तस्करी के 3 आरोपियों को 15-15 साल का सश्रम कारावास

**सरायपाली।** सिंघोड़ा थाना द्वारा पूर्व में गांजा तस्करों के खिलाफ किए गए कार्यवाही पर न्यायालय द्वारा 210 किलो गांजा तस्करी के आरोपियों को 15-15 वर्षों का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही दो-दो लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया। विशेष लोक अभियोजक से मिली जानकारी के अनुसार विशेष न्यायाधीश बंदना दीपक देवागंन के न्यायालय में थाना सिंघोड़ के अपराध क्रमांक 48/2020 धारा 20 रख, नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में आरोपियों राजेन्द्र शर्मा पिता जगदीश शर्मा निवासी रामकृष्ण नगर बरमपुर जिला गंजान (ओडिशा), विकास मीणा पिता सरदार मीणा निवासी मकसीगाना साजापुर (मप्र) एवं प्रमोद शर्मा पिता रघुनंदन शर्मा निवासी दुर्गा कॉलोनी अंगपात थाना चिमनगंज उज्जैन (मप्र) के संयुक्त कब्जे से जब्त 210 किलो गांजा का अवैध परिवहन के आरोप में दोषी पाते हुए सभी आरोपियों को 15-15 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो-दो लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदण्ड भुगतान न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया गए।

**कार्यक्रम : प्रशिक्षण मे भाग लेने वाले शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए**

# उल्लास साक्षारता कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम प्रभारियों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



मैनपुर मे उल्लास नवभारत साक्षारता कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम प्रभारी शिक्षकों का विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण ब्लाक मुख्यालय मैनपुर एवं अमलीपदर में आयोजित हुआ जिला शिक्षाअधिकारी जगजीत सिंह धीर, जिला मिशन समन्वयक, शिवेश शुक्ला, डीपीओ बुद्धविलास सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक शिव कुमार नागे के मार्गदर्शन मे यह प्रशिक्षण आयोजित हुआ विकास खंड शिक्षा अधिकारी मैनपुर एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक मैनपुर ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ब्लाक के शिक्षकों को साक्षरता के क्षेत्र में नवीनतम और प्रभावी शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना ,ताकि अपने आसपास के प्रशिक्षार्थियों को अधिक कुशलता सेशिक्षित कर सकें। इस अवसर पर बताया गया कि साक्षरता किसी भी समाज का मूल आधार होती है और यह कार्यक्रम समाज मे साक्षारता का प्रसार करने के लिए अत्यंत महत्वपर्ण है। यह प्रशिक्षण सीखने सिखाने की नवाचारी गतिविधियों पर हो रहा है,प्रशिक्षण उपरांत यह प्रशिक्षक अपने संकुल में देना सुनिश्चित करेंगे,प्रशिक्षण मे भाग लेने वाले शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए ,इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से जिले में साक्षारता को बढावा देने और समाज मे शिक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया गया है। बी.पी.ओ. नियाजी पटेल ने प्रशिक्षकों को इस कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रेरित किया। संतोष कुमार तारक ब्लाक प्रशिक्षक उल्लास नवभारत साक्षारता कार्यक्रम ने सभी ग्राम प्रभारियों को प्रशिक्षण दिया और आगामी माह 7 दिसम्बर को होने वाले महापरीक्षा को सफल बनाने में जितने भी पंजीकृत शिक्षार्थी हैं उन्हे परीक्षा मे बिठाना एवं परीक्षा के पूर्व अपंजीकृत शिक्षार्थीयों का उल्लास एप मे अनिवार्य रुप पंजीकृत करने के लिए कहा गया। इस प्रशिक्षण मे संतोष ध्रुव, रसीद खान, प्रदीप सिन्हा, खन्ना रामटेके, कांति सिन्हा, दामोदर साय नेगी, सुभाष पांडे, किशोर मिश्रा, भगवानों पांडे, लोभान देवदास, डोमार पटेल, भैयालाल पटेल, साजिद बेग, मंजूवर्मा, गायत्री देवांगन, बिंदु नागेश, वीणा परस और समस्त ग्राम प्रभारी उपस्थित रहे।

# एसआईआर की गलत जानकारी देने पर 1 साल की सज़ा, ओटीपी पूछने वालों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया जारी है। इसी बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने एक जरुरी निर्देश जारी किए है। जिसके मुताबिक, SIR फार्म भरने के दौरान मतदाता गलत जानकारी देता है या दस्तावेज अटैच करता है तो उसे 1 साल की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। वहीं, चुनाव आयोग ने एसआईआर को लेकर मतदाताओं को अलर्ट भी किया है कि फार्म भरने के दौरान बीएलओ ओटीपी नहीं मांगते है और ना ही फोन के माध्यम से निर्वाचन आयोग का कोई भी कर्मचारी किसी भी मतदाता से ओटीपी पूछता है। पर्सनल जानकारी मांगने पर किसी को ना बताए। ऐसा होने पर थाने में शिकायत कर सकते है।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त यशवंत कुमार ने मुख्य रूप से लोगों को आगाह किया है कि गलत जानकारी देने से बचे और किसी को भी पर्सनल जानकारी या ओटीपी ना बताए । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त यशवंत कुमार ने 21 नवंबर को आदेश जारी किया है। आदेश में उन्होंने लिखा है, कि सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे कृपया ध्यान दें कि मृत व्यक्ति या ऐसे व्यक्ति के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करना, जो अब भारतीय नागरिक नहीं रहा है। उसका नाम निर्वाचक नामावली में एक से अधिक स्थानों पर मौजूद है। वह एक से अधिक स्थानों के संबंध में गणना प्रपत्र जमा करता है। इस प्रकार गणना प्रपत्र में एक ऐसी घोषणा करता है जो गलत है या जिसके बारे में वह जानता है या मानता है कि वह सत्य नहीं है। वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है।

**एसआईआर फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग**

वहीं, एसआईआर फार्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग की जा रही है। वर्तमान में फार्म भरने की प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी। प्रदेश में धान खरीदी चलते ज्यादातर लोग इस प्रक्रिया में व्यस्त है। जो एसआईआर फार्म नहीं भर पा रहे। तिथि बढ़ाने की मांग की है ताकि कोई मतदाता सूची से वंचित ना हो।




## पोलैंड के प्रतिनिधिमंडल ने एकेडमिक हाइट्स स्कूल का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम।

शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत पोलैंड से आए प्रतिनिधिमंडल ने एकेडमिक हाइट्स स्कूल का दौरा किया। प्रतिनिधियों का स्कूल प्रबंधन और छात्रों द्वारा पारंपरिक तरीके से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दोनों देशों की शिक्षा प्रणाली को समझने के लिए विशेष अंतर-सांस्कृतिक सत्र आयोजित किए गए। प्रतिनिधियों ने विद्यालय की आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और तकनीकी सुविधाओं की सराहना की। एकेडमिक हाइट्स के छात्रों ने पोलैंड के मेहमानों के सामने अपनी शैक्षणिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही उनके कहने पर बच्चों ने जिज्ञासावश बहुत से सवाल पूछे एक बच्चे के कहने पर मंडल के एक सदस्य ने पोलिश भाषा में गाना भी गाया। दोनों पक्षों ने आगे भी सहयोग बढ़ाने के लिए संयुक्त कार्यक्रमों की संभावनाओं पर चर्चा की। पोलिश प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनके सीखने के अनुभवों को समझा।विद्यालय प्रबंधन ने इस मुलाकात को छात्रों के वैश्विक दृष्टिकोण के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रतिनिधिमंडल ने एकेडमिक हाइट्स की अवसंरचना और अनुशासन की विशेष रूप से प्रशंसा की।

## राजिम में अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन कल

**राजिम।** राजिम के कॉलेज मैदान में कल 24 नवंबर को अस्मिता एथलेटिक्स लीग 2025-26 के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। शुभारंभ करने मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू पहुंच रहे है। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत लाल मटियारा और पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,शास राजीव लोचन



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सविता मिश्रा, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुश्री छाया राही और एथलेटिक्स संघ जिला गरियाबंद के अध्यक्ष शरद पारकर उपस्थित रहेंगे। जानकारी के मुताबिक खेलो इंडिया के तहत राजिम में अस्मिता महिला वर्ग में 14 वर्ष व 16 वर्ष से कम उम्र के एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं भारत सरकार का युवा मामले और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में भारत के कुल 300 जिलों में महिला अस्मिता एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जा रहा है। गरियाबन्द जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा यह आयोजन 24 नवम्बर को बालिका वर्ग में एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 10 बजे से शासकीय राजीव लोचन कालेज खेल स्टेडियम राजिम में होगा। इस खेल में खिलाड़ी भाग ले सकते है। खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रथम, द्वितीय, तृतीय को दिया जायेगा। यह आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में सम्पन्न होगा। आयोजन को निशुल्क रखा गया है। जिसमें 14 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, 600 मीटर दौड़, किट्स भाला फेंक, 16 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, तवा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक में भाग ले सकते है।

## केवि में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पीएमश्री केवि महासमुंद में वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला खेल अधिकारी अंजलि बरमाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य संजय कंसल द्वारा पौधा भेंट कर एवं स्वागत भाषण द्वारा किया गया तथा प्राचार्य का स्वागत खेल शिक्षक सोहनलाल साहू द्वारा किया गया। स्वागत की कड़ी में संगीत शिक्षक प्रभात देवांगन एवं स्वाति व प्राकृति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें बच्चों द्वारा गीत -संगीत, मराठी नृत्य एवं आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। वार्षिक खेल दिवस में मुख्य अतिथि द्वारा मशाल प्रज्वलित कर एवं केविसं का ध्वजारोहण कर सभी राष्ट्रीय खिलाड़ियों के हाथों मशाल को खेल भावना और एकता का संदेश देते हुए आगे बढ़ाया गया तथा एसजीएफआई खिलाड़ी नैतिक पचौरी द्वारा सभी को बिना भेदभाव के खेल भावना बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। साथ ही मुख्य अतिथि प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा सभी सदनों द्वारा अपने अपने सदन के ध्वज के साथ की गई परेड का निरीक्षण किया। खेल शिक्षक सोहन लाल साहू द्वारा विद्यालय की खेल में उपलब्धियों का विवरण देते हुए मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें हैंडबाल अंडर-17 में बालकों में गोविंद सेन, लक्ष्य विश्वास, इलेश अनंत, योग्य चंद्राकर, नवीन पटेल, मयंक आवड़े, नमन साहू को सिल्वर मेडल प्राप्त हुए। एथलेटिक्स हाई जंप अंडर-17 बालिकाओं में अलीशा पंकज को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। एथेलेटिक पोल वाल्ट अंडर 17 बालक में नैतिक पचौरी को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ। जिनमें से लक्ष्य विश्वास एवं नैतिक पचौरी को एसजीएफआई में खेलने हेतु चयनित किया गया है।

## ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन

**नवापारा-राजिम।** ताराचंद बोथरा स्मृति विद्यालय में शनिवार को शाला प्राचार्या हरप्रीत कौर के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में सांस्कृतिक गतिविधि का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत सामूहिक नृत्य रखा गया, जिसमें हास्यपद नृत्य, कॉमेडी नृत्य, हॉरर नृत्य, सूफी नृत्य एवं पंजाबी धुन में प्रतिभागियों ने अपनी अनोखी प्रतिभा को दर्शाते हुए मनमोहक छटा बिखेरी। समस्त शिक्षकगणों ने भी इस आयोजन का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में



शाला प्राचार्या जी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शाला के हर प्रकार के गतिविधियों में अधिक से अधिक हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के इस सफल आयोजन में समस्त शिक्षकगणों का सराहनीय योगदान रहा।

## कंप्यूटर साइंस छात्रों ने किया एसटीपीआई , भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम यूनिवर्सिटीके कंप्यूटर साइंस एवं इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया, भिलाई का शैक्षणिक उद्योग भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आईटी उद्योग की वास्तविक कार्य-प्रणाली, आधुनिक तकनीकों और प्रोफेशनल कार्य वातावरण से अवगत कराना था।भ्रमण कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. आनंद महलवार, रजिस्ट्रार डॉ. बी. पी. भोल, तथा डीन डॉ. एनके स्वामी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। दल का नेतृत्व श्री



गोविंदा साहू ने किया। उनके साथ सहायक प्राध्यापक नुकेश कुमार साहू, लुकेश ठाकुर एवं हिमांसी साहू उपस्थित रहे। कुल 36 विद्यार्थियों ने इस इंडस्ट्रियल विज़िट में भाग लिया। एसटीपीआई के तकनीकी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रक्रिया, डेटा सेंटर संचालन, साइबर सुरक्षा उपाय, स्टार्टअप इनक्यूबेशन सुविधाएं, नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और क्लाउड तकनीक के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्रों ने लाइव तकनीकी प्रदर्शन भी देखा और उद्योग विशेषज्ञों से बातचीत कर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया।विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सफल उद्योग भ्रमण की सराहना करते हुए छात्रों के उद्योग-उन्मुख विकास के लिए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# समाज उत्थान में अहम भूमिका अदा करेगा उल्लास नवभारत कार्यक्रम : मतावले

हरभूमि न्यूज ⏭ छुरा

उल्लास नवभारत कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण बीआरसी कार्यालय छुरा में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के मार्गदर्शन, डीपीओ बुद्धविलास सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम की सफलता हेतु चरणबद्ध रूप से कार्य संपादित किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की पहल पर राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की जानी है। उन्होंने आगे कहा कि असाक्षर वयस्क, साक्षर बनकर सशक्त नागरिक के रूप में समाज उत्थान में अहम भूमिका अदा करेंगे। असाक्षर वयस्क, जीवन कौशल और बुनियादी कौशल सीखकर व्यावसायिक दक्षता प्राप्त करेंगे। महापरीक्षा अभियान अंतर्गत व्यापक परीक्षा 7 दिसंबर 2025 को आयोजित किया जाएगा। बीपीओ किशन धीतेश ने कहा कि यह योजना, कर्तव्यबोध की भावना पर आधारित है। मास्टर ट्रेनर्स, अपने अपने संकुल में स्वयंसेवी शिक्षकों को



विधिवत प्रशिक्षण देंगे। उल्लास साक्षर भारत कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नारा लेखन, जन जागरूकता कार्यक्रम द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार के लिए करने के लिए निर्देशित किया। मास्टर ट्रेनर नवाचारी शिक्षक शंकर लाल यदु ने विषयवस्तु को पटल पर बारिकी से रखा। उन्होंने बताया कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में अभिवृद्धि हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मापदंड अनुसार शिक्षार्थी को 200 घंटे का अध्यापन प्रस्तावित है। यदु ने प्रवेशिका अनुरूप इकाईवार परिवार और पड़ोस, बातचीत, हमारा रहन सहन, हमारे आसपास, खानपान और सेहत, मतदान और कानूनी जानकारी को विस्तारपूर्वक बताया। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने बताया कि शासन के महत्वाकांक्षी योजना है जिसके अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के उन वयस्कों को साक्षर बनाना है जो औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित रहे हैं। यह योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और कार्यात्मक साक्षरता बुनियादी शिक्षा द्वारा महत्वपूर्ण जीवन कौशल प्रदान करने पर केंद्रित है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर चंद्रिका साहू, कसमुद्दीन शाहिल, शिव ठाकुर, चिरंजीव साहू, धनेश राम सेन, संतोष साहू, देवनारायण यदु, नोहर पटेल, देवलाल ध्रुव, टंकेश्वर मरकाम, कन्हैया लाल मंडल सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

**कहीं बच्चों के ....**

लिए अलग कॉलम निर्धारित है, लेकिन यह जानकारी गरियाबंद के अधिकांश क्षेत्रों में मतदाताओं तक नहीं पहुँच सकी। फॉर्म वितरण को लेकर लापरवाही, बीएलओ का पता नहीं मालगांव में बच्चों के हाथों फॉर्म भेजे जाने की पुष्टि के बाद मतदाता भड़क गए हैं। फिंगेश्वर और छुरा क्षेत्र से भी शिकायतें आई हैं कि फॉर्म आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बजाय उनके परिजनों द्वारा बांटे गए। मतदाताओं का कहना है कि फॉर्म तो हाथ में दे दिए गए, पर यह नहीं बताया गया कि बीएलओ कौन है, संपर्क कैसे होगा और सहायता कहाँ से मिलेगी। कई फॉर्म पर बीएलओ का मोबाइल नंबर तक दर्ज नहीं था, जिससे सत्यापन और स्पष्टीकरण पूरी तरह ठप हो गया है।

**शिक्षकों को ढूंढ...**

स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो रही है। बताया गया कि नवंबर महीने के अंत में छमाही परीक्षा शुरू होने वाली है ऐसे में विद्यार्थी और पालक दोनों परेशान हैं, कि बिना पढ़ाई बच्चे परीक्षा कैसे दिलाएंगे? वे यह प्रश्न भी उठा रहे हैं कि परीक्षा लेने के लिए भी शिक्षकों को समय दिया जाएगा कि नहीं? इधर परिस्थिति वश अध्ययन कराने वाले शिक्षक एसआईआर प्रपत्र भरवाने के लिए मतदाताओं को ढूंढ रहे हैं, वह दूसरी तरफ मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने पुराने मतदाता सूची में अपने माता–पिता का नाम ढूंढ रहे हैं इधर पुरानी मतदाता सूची नहीं मिलने के कारण ग्रामीण परेशान है और उन्हें कंप्यूटर दुकानों में जाकर राशि खर्च कर कापी प्राप्त करनी पड़ रही है।

**गणना पत्र भरना मुश्किल**-बीएलओ ने बताई परेशानी कहा की देश भर में प्रक्रिया एक साथ चलने से बीएलओ एप की सर्वर समस्या बढ़ रही है जिसे फार्म अपलोट और डिजाइनेशन में देरी हो रही है एसआईआर नियम के अनुसार जिन लोगों का नाम 2003 के मतदाता सूची में नहीं है उन्हे अपने माता -पिता का जानकारी देना अनिवार्य है। इससे दूसरे जिले या राज्य से आई बहुओं को अपने मयके से 2003 की मतदाता सूची माता -पिता का वोटर आईडी, आधार कार्ड मंगाने की मजबूरी है। बीएलओ बताते है कई परिवार का नाम 2003 की सूची में नहीं मिलता जिससे गणना पत्र भरना मुश्किल हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान कृषि कार्य में व्यस्त होने से घरों पर लोग नहीं मिल रहे हैं बार–बार जाना पड़ रहा है।

**आदेश से बढ़ेगा काम का दबाव**-शिक्षकों ने कहा की प्रदेश में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मनाया जा रहा है वहीं, लोक शिक्षण संचालनालय आवारा कुत्तों की जानकारी देने की ड्यूटी लगा रहा है यह आदेश बताता है कि उच्चाधिकारी सरकार को सही तरीके से ब्रीफ नहीं कर रहे हैं। शिक्षक भारी मानसिक दबाव में कार्य कर रहे हैं उन पर 34 से अधिक सरकारी ऐप का बोझ है एसआईआर का दबाव है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की तामीली पंचायत विभाग या दूसरे स्थानीय अमले के माध्यम से भी कराई जा सकती है।

**रायपुर संभाग आयुक्त...**

बीएलओ एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर अंतर्गत गणना पत्रक में सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें तथा निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के सुधार एवं छूटे हुए पात्र मतदाताओं को शामिल करने के लिए ग्रामीणों से समुचित संपर्क एवं संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि की सटीकता सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि मतदाता सूची अद्यतन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, गरियाबंद तहसीलदार चितेश देवांगन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**8 फरार वारंटियों...**

है। अभनपुर थाना प्रभारी ने बताया कि सभी आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे तथा न्यायालय में उपस्थित होने से बच रहे थे। अभियान के तहत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रायपुर न्यायालय में पेश किया गया है। ऐसे वारंटियों और फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

**15 दिनों में ...**

को प्रभावित कर सकता है। पुलिस ने कहा कि ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

**दत्तात्रेय जयंती पर...**

बुजुर्गों का सम्मान, सनातन संस्कृति पर आधारित सामान्य ज्ञान क्विज सहित विविध कार्यक्रम होंगे। प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम में पहुंचने की तैयारी कर ली गई है। गरियाबंद जिले को कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है। प्रांतीय महासचिव उमेश गिरि, कोषाध्यक्ष प्रशांत गिरि, गरियाबंद जिला प्रभारी एवं प्रांतीय संगठन सचिव पोखराज बन, कार्यक्रम के संयोजक रामकुमार पुरी व आयोजन समिति की ओर से खुमान पुरी, श्याम गिरि, गिरेन्द्र पुरी, भूपेन्द्र पुरी, कामेश्वर पुरी, संजय गिरि, छबिलाल पुरी, उमेश गिरि, हरीश पुरी, विकास गिरि, संजय पुरी, सुरेन्द्र गिरि, महेश्वर पुरी, राजेन्द्र गिरि, लिल्लार पुरी, याज्ञवल्क पुरी, भरत पुरी, ओमपुरी, संजय पुरी, भरत गिरि, लक्ष्मण गिरि, खेमराज पुरी, बबला गिरि, किशुन गिरि, पुरूषोत्तम गिरि, अजय गिरि, राजेन्द्र पुरी, अखिलेश पुरी, चन्द्रहास पुरी, कमलेश पुरी, नारायण पुरी, भगवान पुरी, कौशल गिरि, शेखर भारती, परमात्मा पुरी, देवेन्द्र गिरि, कौशल गिरि, व्यास गिरि, अनिल गिरि सहित प्रांतीय पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारी एवं मातृशक्ति प्रकोष्ठ कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए हैं।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




















## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### बाल दिवस पर बच्चों को बांटी पेन और चाकलेट



**अभनपुर।** बाल दिवस के उपलक्ष्य पर बालक प्राथमिक शाला अभनपुर में युवा कांग्रेस अभनपुर के महासचिव मणीसेन गहिरवारे ने बच्चो को कापी, पेन एवं चॉकलेट वितरित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ एवं बधाई दी। इस मौके पर श्री गहिरवारे ने बच्चों को पढ़ाई के साथ संस्कार और अनुशासन अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर योगेन्द्र घृतलहरे, देवेन्द्र कुर्रे, आकांक्षा बंजारे, साहिल बंजारे, गजेन्द्र निराला, वंश बघेल व स्कूल शिक्षक उपस्थित रहे।

### 15वें वित्त की राशि जारी करने की मांग

**मैनपुर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा



की सरकार बनी है विकास कार्य पूरी तरह थम गया है ग्रामीण इलाको में मूलभुत सुविधाएं भी ग्रामीणों को नसीब नहीं हो पा रहा है। श्री ध्रुव ने कहा की ग्राम पंचायतों को 15वें वित्त की राशि पंचायत के खाते में जमा नहीं होने से ग्राम पंचायतों में विकास कार्य थम गया है। अधिकांश सरपंचों द्वारा साहूकारों से कर्ज लेकर जैसे-तैसे पंचायतों का कार्य चलाया जा रहा है लगातार पंचायत प्रतिनिधि 15वें वित्त की राशि मांग कर हैं लेकिन इस ओर न तो राज्य सरकार ध्यान दे रही है न केन्द्र सरकार। श्री ध्रुव ने कहा की ग्राम पंचायतों मूलभुत कार्य नहीं हो पा रहे हैं पंचायतों के पास बजट का अभाव बना है गांवों में नाली सफाई, स्ट्रीट लाईट, पेयजल, पाईप लाईन सुधार के लिए पंचायतो के पास बजट नहीं है इस लिए तत्काल 15वें वित्त की राशि जारी किया जाए।

### एसआईआर को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव में पहुंचकर निरीक्षण किया



**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ भाजपा तथा जिला भाजपा के निर्देश पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर के तत्वाधान में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनर निरीक्षण एसआईआर का कार्यक्रम चल रहा है। इस कार्यक्रम को लेकर जनप्रतिनिधि तथा मंडल के पदाधिकारी गण इन ग्राम पंचायत में निरीक्षण किया। ग्राम जामगांव, भेड़ी, सोना सिल्ली, लचकेरा, कोसमखूंटा, इन सभी ग्राम पंचायतों में निरीक्षण किया और सभी बीएलो से विस्तृत जानकारी लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति नंदनी कोमल ढीढी, मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित, मंडल उपाध्यक्ष कोमल ढीढी, महामंत्री प्रेमलाल टोडर, अरुण सिन्हा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, दशरथ सिन्हा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री, मधुबाला रात्रे पूर्व जिला पंचायत सभापति, भागवत सिन्ह, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष, गंगा राम साहू, रेणुका डहरे, सरपंच, हीरू डहरे, सुखी दीवान बूथ अध्यक्ष जामगांव, लालता ध्रुव, नीरा साहू सहित उपस्थित थे।

# नवापारा-अभनपुर मार्ग पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, परखच्चे उडे, चार युवक बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना सामने आई है। नवापारा-अभनपुर मुख्य मार्ग पर रात करीब 11:10 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल में पलट गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई, लेकिन इसमें सवार चारों युवक पूरी तरह सुरक्षित बच गए। इसे स्थानीय लोग किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे हैं। घटना नवापारा थाना क्षेत्र की है। बताया गया है चारों युवक अभनपुर क्षेत्र के दरभा मुरा गांव के निवासी हैं, जो नवापारा अस्पताल में मरीज छोड़कर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कार्पियो की रफ्तार काफी ज्यादा थी, जिसके कारण ड्राइवर वाहन को संभाल नहीं पाया और गाड़ी सड़क के डिवाइडर से टकराकर रॉग साइड में पलटती चली गई। दुर्घटना के बाद चलते राहगीरो ने युवकों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, लेकिन चारों युवकों को खरोंच तक नहीं आई। जिसे स्थानीय लोग किसी चमत्कार से कम नहीं मान रहे। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ली। पुलिस के अनुसार सड़क पर अचानक एक गाय के आ जाने के कारण चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और वाहन डिवाइडर से टकराकर पलट गई। उल्लेखनीय है कि अभी पखवाड़े भर के भीतर एक नही कईयो सड़क दुर्घटनाएं हुई है।

## गाड़ी सड़क के डिवाइडर से टकराकर रॉग साइड पलटी



### नशापान से बनाएं रखे दूरी

सीनियर ड्राइविंग करने वालों का मानना है कि यदि गाड़ी की रफ्तार 70-80 के बीच हो तो तत्काल कंट्रोलिंग किया जा सकता है। ये मानकर चले कि अचानक कोई मवेशी दौड़ सकता है या कोई गाड़ी रॉग साइड से भी काट सकता है लिहाजा ड्राइविंग करते वक्त पूरी तरह से चौकन्ना होकर चलने से ऐसी होने वाली अचानक दुर्घटना से बचा जा सकता है। सीनियर ड्राइवरों का ये भी कहना है कि अनेकों दुर्घटना नशे के कारण भी होता है। नशे में होने के कारण स्पीड नियंत्रण से बाहर हो जाता है। इसलिए गाड़ी चलाते वक्त कम से कम नशापान से दूर ही रहे तो बेहतर है। क्योंकि गाड़ी चलाने वालों के भी घर परिवार है। छोटे बच्चे है, माता-पिता है जो लौटने का बेसब्री से इंतजार करते रहते है।

## सहकारी समितियों, उचित मूल्य दुकानों और धान खरीदी केंद्रों में कामकाज फिर से शुरू

# 19 दिन बाद सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, धान खरीदी को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




छत्तीसगढ़ में सहकारी समिति कर्मचारी संघ और समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ की 19 दिन से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त हो गई है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज की मध्यस्थता से कर्मचारी संगठनों और शासन के बीच सहमति बनने के बाद शुक्रवार देर रात आंदोलन स्थगित करने की घोषणा की गई। हड़ताल खत्म होने के साथ ही गरियाबंद जिले में भी सहकारी समितियों, उचित मूल्य दुकानों और धान खरीदी केंद्रों में कामकाज फिर से शुरू हो गया है। जिले के किसानों को राहत मिलते हुए अब समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारु रूप से आगे बढ़ सकेगी। हड़ताल के चलते जिले में टोकन वितरण, ऑनलाइन एंट्री, भंडारण पंजीयन और उठाव से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे थे, लेकिन अब धान तौल, परिवहन और भुगतान कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। कर्मचारी संगठनों ने बताया कि उनकी चार सूत्रीय मांगों पर शासन द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद किसान हित, सोसायटी हित और लोकहित को सर्वोपरि रखते हुए आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया गया। संगठनों ने शासन से यह भी अनुरोध किया है कि हड़ताल अवधि में लगाए गए एस्मा, निलंबन, बर्खास्तगी, कंप्यूटर ऑपरेटरों के तबादले और उचित मूल्य दुकानों के विरुद्ध जारी निलंबन आदेशों को तत्काल प्रभाव से शून्य किया जाए।

### जिले के किसानों को राहत मिलेगी

सूत्रों के अनुसार श्री बजाज ने दोनों पक्षों को एक मंच पर लाकर संवाद स्थापित कराया। लगातार बैठकों और चर्चा के बाद 19 दिन से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए सहमति बनी और देर रात आंदोलन स्थगन की औपचारिक घोषणा की गई। हड़ताल खत्म होने के साथ ही धान खरीदी केंद्रों में कार्य सुचारु होने की संभावना है, जिससे जिले के किसानों को राहत मिलेगी और खरीदी प्रक्रिया में फिर रफ्तार लौट आएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ से प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास तथा धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ से प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत मोहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष मीनाक्षी यादव, प्रदेश संयोजक विद्या शंकर यादव, प्रदेश सचिव मोहन डहरिया, प्रदेश संरक्षक संतोष साहू सहित नरेश साहू, सना अली, प्रमिला मानिकपुरी और बलराम कौशिक उपस्थित थे। हड़ताल समाप्त होने के बाद अब गरियाबंद जिले में यह उम्मीद की जा रही है कि धान खरीदी प्रक्रिया बिना व्यवधान के आगे बढ़ेगी और किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ समय पर मिल सकेगा।

# डीईओ ने भेंडरी लोहरसी में किया मॉक टेस्ट का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

गौरव गरियाबंद अभियान के तहत नवोदय चयन परीक्षा की तैयारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित मॉक टेस्ट का जिला शिक्षा अधिकारी जे एस धीर ने शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी लोहरसी में औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, बैठने की व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण, समय पालन और परीक्षा वातावरण का बारीकी से जायजा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों व परीक्षा पर्यवेक्षकों से मॉक टेस्ट संचालन प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। धीर ने परीक्षार्थियों से बातचीत कर तैयारी स्तर, प्रश्नपत्र की कठिनाई, समय प्रबंधन और अध्ययन पद्धति पर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार अभ्यास करने, प्रश्नों का विश्लेषण करने और आत्मविश्वास बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गौरव गरियाबंद अभियान के अंतर्गत शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार के लिए अनेक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं, जिनमें नवोदय मॉक टेस्ट अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसी स्थिति का अनुभव प्राप्त होता है, जिससे चयन की संभावनाएँ बढ़ती हैं। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा पहली, दूसरी और तीसरी में जाकर बच्चों से संवाद किया। उन्होंने हिंदी पुस्तक वाचन, पहाड़ा, गिनती, बारहखड़ी और ईमला का मूल्यांकन किया। बच्चों का स्तर देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया और बेसिक




दक्षता मजबूत करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उनके साथ ओ पी वर्मा प्राचार्य प्रभारी अधिकारी विधि प्रकोष्ठ तथा संकुल समन्वयक लोहरसी दुलेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। शाला के शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद एवं प्रदीप कुमार साहू अपने-अपने कक्षाओं में अध्यापन कार्य में लगे मिले। विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि आगामी मॉक टेस्ट को और अधिक सुव्यवस्थित और प्रभावी तरीके से संचालित किया जाए, ताकि अधिक संख्या में विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

# एनएसएस शिविर में नशा मुक्ति और बेटी बचाओ पर दिया जोर

**फिंगेश्वर।** सिर्रीकला में एनएसएस शिविर के दौरान नशा मुक्ति अभियान चलाया गया।इस अवसर पर नशा मुक्ति मशाल रैली निकाली गई और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ रैली भी आयोजित की गई। रैली का मुख्य थीम ष्नशामुक्त भारत हमारा था। कार्यक्रम संयोजक डॉ. देवादास बंजारे ने मशाल रैली के संबंध में बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रलय द्वारा शुरू किया गया है।यह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य मादक द्रव्यों के सेवन की समस्या से निपटना और जागरूकता फैलाना है।यह अभियान रोकथाम, उपचार और पुनर्वास पर केंद्रित है और इसका लक्ष्य भारत को नशा मुक्त बनाना है,यह अभियान सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याओं को कम करने के लिए एक व्यापक रणनीति का हिस्सा है जो मादक पदाथोंर् के उपयोग से उत्पन्न



होती हैं। इसके साथ ही बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के माध्यम से देश में गिरते बाल लिंगानुपात को संबोधित किया गया और बालिकाओं की सुरक्षा व शिक्षा को बढ़ावा देने जागरूकता चलाया गया।कार्यक्रम के अंत मुख्य मंच अटल चौक में नशा मुक्त शपथ सभी ग्रामीण युवाओं एवं नागरिकों को दिलाया गया।

### प्रशांत ने सीजी पीएससी में 62वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन



**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के छुरा विकास खण्ड में गौरव का क्षण तब आया जब ग्राम खड़मा निवासी प्रशांत साहू ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएससी की परीक्षा में 62वीं रैंक हासिल कर कमर्शियल टैक्स इंस्पेक्टर पद पर चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रशांत साहू, साहू समाज परिक्षेत्र मड़ेली के पूर्व अध्यक्ष त्रिलोचन साहू/सरोज साहू के पुत्र हैं। परिवार में शिक्षा और सेवा की परंपरा पहले से ही रही है उनकी तीनों बड़ी बहनें भी शासकीय सेवाओं में कार्यरत हैं। परिवार के इस वातावरण ने प्रशांत को भी बचपन से ही उच्च लक्ष्य साधने की प्रेरणा दी। ज्ञात हो कि उनकी बहन नम्रता साहू भी लोक सेवा आयोग से चयनित अधिकारी हैं। बचपन से ही मेधावी रहे प्रशांत ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की। उनकी उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरा गांव गर्व महसूस कर रहा है। गांव के युवाओं के लिए प्रशांत आज प्रेरणा का स्रोत बन चुके हैं। युवा वर्ग मानता है कि उनकी मेहनत और उपलब्धि यह साबित करती है कि छोटे गांव से निकलकर भी बड़े लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। रिजल्ट आने के बाद से प्रशांत को बधाई देने वालों का ताँता लगा रहा। ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों ने प्रशांत साहू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता से आने वाली पीढ़ियों को नई दिशा और प्रेरणा मिलेगी।

# सेंट जॉन्स स्कूल में वार्षिक खेल दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में स्थित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा में प्री-प्राइमरी कक्षाओं का वार्षिक खेल दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर सुबह से ही रंग-बिरंगे सजावट, बच्चों की खिलखिलाहट और उत्साहपूर्ण माहौल से सराबोर था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या बिंदु जार्ज जेकब द्वारा किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलन के बाद अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल न केवल बच्चों के शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि यह टीमवर्क, अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देते हैं।इसके पश्चात नन्हे बच्चों ने मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 50 मीटर रेस, फ्रॉग जंप, बैलेंसिंग रेस, सैक रेस, कलर सॉर्टिंग गेम, योगा प्रदर्शन जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रत्येक बच्चे ने पूरे जोश से भाग लिया और अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। माता-पिता और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और बच्चों को उत्साहित करते रहे। अभिभावकों के लिए भी फन गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे कार्यक्रम का माहौल और भी आनंदमय हो गया।अंत में,इस कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के निर्देशक जार्ज जेकब, शैक्षणिक निर्देशक सुमंत आचार्य,प्रबंधक आशीष




जेकब प्राचार्य बिंदु जेकब ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षकों और सहयोगी स्टाफ की मेहनत की सराहना की, जिनकी बदौलत खेल दिवस का आयोजन अत्यंत सफल रहा। यह खेल दिवस न केवल एक मनोरंजक आयोजन रहा अपितु बच्चों के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। बच्चों की खुशी, आत्मविश्वास और सीखने की उत्सुकता पूरे कार्यक्रम की पहचान बनी रही।

### सांसद खेल महोत्सव में पीएमश्री हरिहर के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**नवापारा-राजिम।** सांसद खेल महोत्सव के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड़ में आयोजित जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता में पीएमश्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, नवापारा के छात्र-छात्राओं ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। जोन लेवल प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की अंशिका जैन ने शतरंज अंडर -19 में प्रथम स्थान प्राप्त कर श्रेष्ठता साबित की। वहीं कबड्डी अंडर-19 में कोमल, वेणु, रेणुका, मोहिता, चित्रलेखा, हेमपुष्पा, श्रेया और निशा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार शतरंज अंडर-14 में अनय जैन ने प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। वॉलीबॉल टीम के खिलाड़ी- सृजन, समीर, रेहान, दीपक, डेविड, गौरव, फैज, वंश और दिव्यांश ने उत्कृष्ट खेल के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। इसके उपरांत ब्लॉक स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन जिवोदया स्कूल, अभनपुर में हुआ, जहां मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा अभनपुर विधायक इन्द्रकुमार साहू उपस्थित रहे। उनके नेतृत्व और उत्साहवर्धन से कार्यक्रम अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। ब्लॉक स्तर पर भी कक्षा 12वीं की अंशिका जैन ने शतरंज अंडर-19 में पुनः प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए अपनी श्रेष्ठता कायम रखी। वहीं कबड्डी अंडर-19 में विद्यालय की टीम- कोमल, वेणु, रेणुका, मोहिता, चित्रलेखा, हेमपुष्पा, श्रेया और निशा-ने शानदार खेल के साथ द्वितीय स्थान अर्जित किया। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य ,शाला विकास समिति तथा पूरे विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना भी किया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का हुआ सम्मान समारोह

# सशक्त समाज के नींव है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

आध्यात्मिक एवं सामरिक महत्व के केन्द्र मां रमईपाठ धाम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का ऐतिहासिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना छुरा एवं फिगेश्वर के संयुक्त तत्वाधान में पहली बार सम्मान समारोह रखा गया। समारोह में पहुंचे विधायक रोहित साहू ने सर्वप्रथम 8 वीं शताब्दी के प्राचीनतम मंदिर, पुरातात्विक धरोहर मां रमई पाठ, गादी मैया, बगरम पाठ, भैरव बाबा, देवी रूप में विराजमान बजरंग बली, मौली माता का आशीर्वाद लिया। विभागीय कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्प वर्षा कर अतिथिजन का स्वागत सत्कार किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अहिल्या चंद्राकर द्वारा मां शारदे की स्तुति की गई, कौशल वर्मा द्वारा स्वागत गीत की सुमधुर प्रस्तुति की गई। परियोजना अधिकारी चंदुलाल साहू ने कार्यक्रम के



उद्देश्य पर प्रकाश डाला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के जमीनी स्तर पर दी जाने वाली सेवाओं को विस्तार से रखा।

उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म से लेकर जीवन के हर पड़ाव में हमारा विभाग विविध रूपों में सहयोगी बनता है। जिला अधिकारी अशोक पाण्डे ने विभाग के विभिन्न योजनाओं और कार्यों की जानकारी प्रदान किया। विधायक रोहित साहू ने माता के जयकारे और जय जय श्रीराम के उदघोष से उद्बोधन की शुरुआत किया। उन्होंने कहा कि माता रमई पाठ के पावन धाम में मातृशक्ति का सम्मान कर शांति और सुकुन का एहसास हो रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका होना सम्मान की बात है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर,भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, फिंगेश्वर जनपद अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, छुरा जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, भाजपा नेता राजू साहू, मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, महामंत्री पालेन्द्र साहू, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, फिंगेश्वर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जगदीश यादव, प्रदेश साहू संघ के वरिष्ठ नेता भुनेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, आशीष शर्मा, मंजू हरित, चंद्रहास बरिहा, गरिमा ध्रुव, महिला एवं बाल विकास के जिला अधिकारी अशोक पांडे, चंदूलाल साहू, जितेन्द्र साव सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार श्याम वर्मा, तेजराम ध्रुव, पुनीत ठाकुर मौजूद थे।

### भाजपा के कार्यकाल में महिलाओं का हो रहा उत्थान

विधायक श्री साहू ने कहा कि मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर है जो आंगनबाड़ी के माताओं-बहनो को मिला हुआ है। मेरी ये बहने नींव मजबूत करने का काम करते है। शासन की एक-एक योजनाओं को न केवल घर-घर पहुंचाते है बल्कि बड़ी ईमानदारी से काम करते है। आने वाले पीढ़ी और भविष्य का निर्माण भी आप ही करती है। विधायक श्री साहू ने कहा कि हर जगह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। भाजपा शासनकाल में महिला सशक्तिकरण के साथ महिलाओं का उत्थान भी हो रहा है। आपने गांव के बेटा, किसान के बेटा को विधायक बनाया है। हर सुख, दुख में आपका यह भाई रोहित साहू खड़ा रहेगा। आपके मान-सम्मान में कोई कमी नही होगी। विधायक रोहित साहू के उद्बोधन पर बड़ी संख्या में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के चेहरे से प्रसन्नता झलक रही थी। इनके मांग पर 20 लाख रूपए के लागत से छुरा ब्लॉक मुख्यालय एवं 20 लाख रूपए की लागत से फिंगेश्वर ब्लॉक मुख्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भवन बनाने की घोषणा विधायक ने की। मंदिर प्रांगण में लाईट व्यवस्था के लिए 3 लाख की घोषणा किए। इस अवसर पर उन्होने साफ-साफ कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विकास और तरक्की के लिए रात और दिन एक करूंगा। विधायक श्री साहू ने सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन के ढेर सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया भी।

